## खबर संक्षेप

### जिला कार्यक्रम प्रबंधक सेक्टर बैठक में हुए शामिल



**उमरिया।** जिला कार्यक्रम प्रबंधक सेक्टर बैठक में हुए शामिल उमरिया । प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम डॉ मुकुल तिवारी सेक्टर बैठक में शामिल होकर अलग-अलग उप स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया । उन्होने प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र पर लू मैनेजमेंट किट बनाई जाए एवं लू से ग्रसित मरीजों की जानकारी रैपिड रिस्पांस टीम एवं जिला आईडीएसपी डाटा मैनेजर को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में आयरन टेबलेट का वितरण समय पूर्व किया जाए जिससे कि किशोरियों को उपलब्ध कराई जा सके । मिशन परिवार विकास पखवा?ा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल 2025 तक मिशन परिवार विकास पखवा?ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत फील्ड स्तर पर टारगेट कपल्स को गर्भनिरोधक के स्थाई एवं अस्थाई साधन का प्रचार प्रसार कर सेवाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए।

### 14 से 18 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का किया जाएगा चरणबद्ध आयोजन

**अनुपपुर।** मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 14 अप्रैल 2025 से 18 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यो संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण,जल संरक्षण, कन्या अभिभावक पेंशन योजना पर चर्चा, वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत गठित ग्राम वन अधिकार समिति से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक संकल्प पारित करना, पैसा क्षेत्र की ग्राम सभा में पैसा नियमों के क्रियान्वयन पर चर्चा अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से सहित अन्य गतविधियां आयोजित की जाएंगी, ग्राम सभा की वीडियो ग्राफी कराए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्धारित अवधि में ग्राम सभाओं का व्यवस्थित आयोजन संपन्न करने के दिशा- निर्देश दिए हैं।

# शहडोल में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

## घरौलानाथ हनुमान मंदिर बना श्रद्धा का मुख्य केंद्र

**पीपुल्स प्रवक्ता शहडोल।**

जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव एक विशाल धार्मिक उत्सव के रूप में मनाया गया। शहडोल नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी श्रद्धा और उल्लास का ऐसा समागम देखने को मिला, जो वर्षों तक लोगों की स्मृतियों में बसा रहेगा। हर मंदिर भक्तों से खचाखच भरा रहा, परंतु इस पूरे आयोजन में सबसे अधिक श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाला स्थल बना शहर का ऐतिहासिक घरौलानाथ हनुमान मंदिर, जहाँ हनुमान भक्तों की आस्था ने नया कीर्तिमान रच दिया। शनिवार सुबह चार बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था।

हाथों में फूल-मालाएं, श्रीराम नाम लिखे पीपल के पत्ते, चोला और सिंदूर लिए श्रद्धालु 'जय श्रीराम' और 'बजरंगबली की जय' के गगनभेदी नारों के साथ मंदिर की ओर बढ़ते नजर आए। घरौलानाथ मंदिर का मुख्य प्रांगण और चारों दिशाएं श्रद्धालुओं से भरी रहीं। मंदिर समिति ने भक्तों के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था की थी, जिससे भीड़ के बावजूद हर किसी को सुलभ दर्शन का अवसर मिला। सुबह से दोपहर तक मंदिर में अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड का पाठ, हवन-पूजन और भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध आचार्यों की अगुवाई में वेद-मंत्रों की गूंज से वातावरण अलौकिक बन गया। जैसे ही दोपहर की महाआरती शुरू हुई, पूरा मंदिर परिसर



भक्ति से सराबोर हो गया। भक्तजन आरती की लौ में दीप दिखाते हुए भावविभोर नजर आए। घरौलानाथ मंदिर समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे ने श्रद्धालुओं की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। भंडारे का वितरण पूरे दिन चलता रहा। स्वयंसेवकों ने भंडारे को व्यवस्थित और अनुशासित रूप में चलाया, जिससे हर भक्त को शांतिपूर्वक प्रसाद मिल सका। रात मे मंदिर के पुजारी निल्लू महाराज ने सैकड़ो भक्तो की उपस्थिति मे महाआरती करवाई।

घरौलानाथ मंदिर का यह आयोजन न केवल धार्मिक रूप से महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का भी प्रतीक बन गया। विभिन्न समाजों, संगठनों और स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाया। शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों जैसे पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर, कल्याणपुर हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गांधी चौक हनुमान मंदिर और छतवई बरुका मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक स्थान पर पूजन, भजन, भंडारे और आरती का आयोजन हुआ, लेकिन घरौलानाथ मंदिर की गरिमा, श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भावनात्मक माहौल ने इस आयोजन को खास बना दिया। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा भी बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा, पार्किंग और ट्रैफिक कंट्रोल के लिए पर्याप्त इंतजाम थे, जिससे आयोजन में कोई अव्यवस्था नहीं रही।



# हनुमान जयंती पर विराट मंदिर में चलाया सफाई अभियान



**पीपुल्स प्रवक्ता शहडोल।**

हनुमान जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन तथा नगरपालिका शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में प्राचीन एवं ऐतिहासिक विराट मंदिर प्रांगण में साफ सफाई का अभियान चलाया गया। विधायक जयसिंह नगर विधानसभा क्षेत्र मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, अध्यक्ष पूर्व वित्त विकास निगम अमिता चपरा,नगर पालिका अध्यक्ष तथा पार्षदों ने समाज सेवियों,जन प्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों के साथ परिसर की सफाई की। सफाई के पश्चात पूजा अर्चना कर शहडोल संभाग तथा प्रदेश के विकास एवं कल्याण की कामना की । शहडोल के ऐतिहासिक एवं प्राचीन विराट मंदिर परिसर के कुंड जन श्रुति, मंदिर के पुजारी तथा शिलालेखों के आधार पर ऐसा माना जाता है कि विराट नगरी शहडोल का बाणगंगा कुंड और राम जानकी मंदिर है यह मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है मंदिर के सामने ही विराटेश्वर महादेव का मंदिर है जो वास्तुकला का प्रमाण है उदाहरण है बाणगंगा कुंड बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह माना जाता है कि महाभारत कालीन में जब भीष्म पितामह के लिए अर्जुन ने बाणों का संधान किया था बाण के संधान से इस कुंड का उद्गम हुआ है। इसलिए इस जल का अत्यधिक महत्व माना जाता है गाय एवं बैल के पैर में जो कीड़े पड़ जाते हैं उसके इलाज के लिए भी इसका जल महत्वपूर्ण माना जाता है।

साथ ही मकर संक्रांति 14 जनवरी को इस जल का अत्यधिक महत्व होता है यहां पर दूर-दूर से अन्य राज्यों से लोग आते हैं यहीं बगल में मेला मैदान है जहां मेला लगता है मेले के दौरान यहां पर लोग इस कुंड में स्नान करते हैं भगवान का पूजन अर्चन करते हैं यहां पर भगवान की महिमा का गुणगान करते हैं इस दौरान दूर दराज से आए भिक्षुओं को खिचड़ी दान किया जाता है इस मंदिर का इतिहास एक प्राचीन है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, समाजसेवी एवं पार्षद सिल्लू रजक, प्रकाश नारायण, प्रभात पांडे, होलकर परस्ते, शक्ति लक्ष्यकर, मनीष शर्मा, शिवम् मिश्रा, संतोष लोहानी सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर से सहभागिता निभाई।

## वायुसेना में उड़ान भरने को तैयार अभिनव

### एएसआई पुत्र का एसपी ने किया सम्मान

**पीपुल्स प्रवक्ता शहडोल।**




कोतवाली शहडोल में पदस्थ एएसआई श्री रामराज पाण्डेय के सुपुत्र श्री अभिनव पाण्डेय ने अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) परीक्षा में सफलता अर्जित कर जिले और विभाग का मान बढ़ाया है। अभिनव का चयन भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग ब्रांच में हुआ है, जहां वे फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में देश सेवा करेंगे। अभिनव ने 1 सितम्बर 2024 को आयोजित ह्ढ्ढ 2 परीक्षा दी थी, जिसका अंतिम परिणाम 11 अप्रैल 2025 को घोषित किया गया। इस परीक्षा में सफल होकर उन्होंने भारतीय वायुसेना के लिए चयन सुनिश्चित किया। अभिनव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 10 तक कन्वेन्ट स्कूल, शहडोल से प्राप्त की, जबकि कक्षा 11वीं एवं 12वीं की शिक्षा कोटा (राजस्थान) स्थित एपीएस स्कूल से पूर्ण की। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अभिनव को सम्मानित किया गया। पुलिस परिवार के साथ-साथ पूरे जिले में इस सफलता को गर्व की दृष्टि से देखा जा रहा है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि अनुशासन, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। अभिनव पाण्डेय अब भारतीय वायुसेना में उड़ान भरने को तैयार हैं। पुलिस विभाग, शहडोलवासियों तथा शुभचिंतकों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ

# खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व आज



**पीपुल्स प्रवक्ता शहडोल।**

नगर के घरौला मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में 13 अप्रैल, रविवार को बैसाखी पर्व एवं खालसा साजना दिवस को लेकर भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विशेष कीर्तन दीवान सजाए जाएंगे, जिसमें देश-प्रदेश से श्रद्धालु संगत शामिल होंगी। आयोजन को लेकर गुरुद्वारे को भक्ति और श्रद्धा के रंगों से सजाया गया है। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने बताया कि 11 अप्रैल से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ की आरंभता की जा चुकी है। प्रतिदिन सुबह और शाम विशेष कीर्तन दीवान सज रहे हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर गुरबाणी का श्रवण कर रहे हैं। साथ ही लंगर की सेवा निरंतर जारी है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। रविवार 13 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति की जाएगी। इसके उपरांत सुबह 10ः30 से 11ः00 बजे तक गुरुद्वारे के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी कीर्तन करेंगे। सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 12ः30 बजे तक विशेष रूप से पंजाब के मारकंडा से पधारे भाई मनराज सिंह जी अपने साथी रागियों के साथ गुरबाणी कीर्तन की सेवा निभाएंगे। तत्पश्चात ज्ञानी धर्म सिंह जी दोपहर 1ः00 बजे तक अंतिम दीवान सजाएंगे। कीर्तन दीवानों के पश्चात अरदास की जाएगी और फिर श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन होगा।

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की प्रबंधक समिति ने नगर सहित आसपास के क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरुओं की रहमत प्राप्त करें, कीर्तन का आनंद लें और अपने जीवन को सफल बनाएं।

### दीवार लेखन के माध्यम से दिया जा रहा जल संरक्षण का संदेश

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान जन अभियान बनता जा रहा है। अभियान में जनप्रतिनिधि , समाजसेवी , आम नागरिक , विद्यार्थी , शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सभी मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान में कंधे से कंधा मिलकर कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। मप्र जन अभियान परिषद के परामर्ष दाता संतोष त्रिपाठी व्दारा सेक्टर क्रमांक 2 निगहरी विकासखंड करकेली में दीवार लेखन के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों को जल का संरक्षण करने का संदेश दिया जा रहा है। सबसे प्यारा, जल का सम्मान- जीवन का कल्याण, आओ हम संकल्प करें- जल बचाने का कर्म करें ,पानी बचाएं- जीवन बचाएं आदि नारों का दीवार पर लेखन किया गया है।जिससे आम नागरिकों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता का संचार हो रहा है तथा लोगों के द्वारा जल संरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के जतन किए जा रहे हैं।

## नासै रोग हरै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा

# प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**पीपुल्स प्रवक्ता शहडोल।**

नासै रोग हरै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा÷—इस भाव को आत्मसात करते हुए हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शहडोल के कल्याणपुर स्थित प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर भव्य हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर के पुजारी अनुज शुक्ला ने बताया कि यह मंदिर न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और



आध्यात्मिक महत्व भी अत्यंत गहरा है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर वही स्थल है, जहां कभी स्वामी अभयानंद महाराज ने वर्षों तक तप किया था। यही स्थल उनकी तपोभूमि के रूप में जाना जाता है। पुजारी के अनुसार, प्राचीन समय में मंदिर के नीचे एक संस्कृत महाविद्यालय भी संचालित होता था, जिसकी स्थापना लगभग 300 वर्ष पूर्व मानी जाती है। यह संस्कृत महाविद्यालय शहडोल संभाग का सबसे पुराना शिक्षण केंद्र था, जिसे स्वामी अभयानंद महाराज के नाम से जाना जाता है।पुजारी अनुज शुक्ला ने यह भी बताया कि मान्यता के अनुसार स्वामी अभयानंद महाराज प्रतिदिन मुड़ना नदी से जल लाकर उसे कढ़ाई में डालते थे, और वह जल तेल का कार्य करता था, जिससे पूड़ियाँ तैयार होती थीं। यह चमत्कारिक प्रसंग आज भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्रतिमा को अत्यंत चमत्कारिक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से यहां पूजा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह प्राचीन स्थल पूरे शहडोल जिले ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बरमान स्थित नर्मदा नदी के पदमघाट में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**पीपुल्स प्रवक्ता नरसिहंपुर।**

## श्रद्धालुओं को नदी में स्वच्छता बनाये रखने और जल संरक्षण के महत्व को बताया

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की नदियों, बाव?ियों, तलाबों और अन्य जल स्त्रोतों में साफ-सफाई कर लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इस कार्य में जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संगठन, मप्र जनअभियान परिषद की संस्थायें सहित आम नागरिक अपनी सहभागिता दे रहे हैं। इसके अलावा लोगों को जोड़कर जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड चांवरपाठा की नवांकुर संस्था बंधा, बिलथारी व स्थानीय लोगों की सहभागिता से बरमान स्थित सतधारा के पास पदमघाट नर्मदा नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। घाट की साफ- सफाई कर स्थानीय ग्रामवासियों को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई। एकत्रित कचरे का निपटान समुचित स्थान पर किया गया। इस दौरान नर्मदा नदी में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कचरे को यहां- वहां नहीं फेंकने, जल की निर्मलता बनाये रखने और जल का सदुपयोग करने की समझाइश दी गई। उन्हें जल गंगा संवर्धन अभियान में जोड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया। यह स्वच्छता अभियान जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान, नवांकुर संस्था बंधा, बिलथारी अन्य ग्रामीणजन मौजूद थे।

